प्रेस नोट
दिनांक 21.08.2024

पुलिस भर्ती परीक्षा रिहर्सल के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा परीक्षा केन्द्र (एलबीएस0 डिग्री कालेज) का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्मचारीगणों को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–

गोण्डा। आज दिनांक 21.08.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के पर्यवेक्षण में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद के 13 परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा का रिहर्सल किया गया। रिहर्सल के दौरान महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्र एल0बी0एस0 डिग्री कालेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्रों में बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग, शौचालय व पेयजल की व्यवस्था को चेक किया गया तथा कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कक्षाओं में लगे सी0सीटीवी0 कैमरो की पोजीशन को देखा गया। महोदय द्वारा कंट्रोल रूम, कक्षाओं एवं परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही यह सुनिश्चित करने हेतु बताया गया कि कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे, डिस्प्ले बोर्ड, वाइस रिकार्डिंग और वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्त हो किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। सभी प्रवेश करने वाले अभ्यार्थियों के चेकिंग फ्रिस्किंग करने हेतु पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरूषकर्मी को एचएचएमडी के साथ तैनात किए जाये तथा केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार पर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जायेगी। **अभ्यर्थी अपने साथ सिर्फ पेन, पहचान पत्र और प्रवेश पत्र ही लेकर आएं, इसके अतिरिक्त कोई भी वस्तु केन्द्र के अंदर ले जाने की अनुमति नही होगी।** पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में दिनांक 23,24,25,30 एव 31 अगस्त 2024 को प्रतिदिन दो पालियों (पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं अपरान्ह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक) में 13 परीक्षा केन्द्रों में होना सुनिश्चित है। जिसमें लगभग 52,000 छात्र प्रतिभाग करेंगे।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, एल0बी0एस0 कालेज के प्रधानाचार्य श्री रविंन्द्र कुमार सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक 21.08.2024

पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत भर्ती परीक्षा का हुआ रिहर्सल, सभी अधि0/कर्मचारीगणों द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी का किया गया निर्वाहन–

गोण्डा। पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में दिनांक 23,24,25,30 एव 31 अगस्त 2024 को प्रतिदिन दो पालियों (पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं अपरान्ह् 3:00 बजे से 5:00 बजे तक) में 13 परीक्षा केन्द्रों में होना सुनिश्चित है। जिसमें लगभग 52,000 छात्र प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए शासन द्वारा कड़े कदम उठाते हुए परीक्षा से पूर्व ही भर्ती परीक्षा रिहर्सल कराने हेतु सभी जनपदों को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21.08.2024 को जनपद के 13 परीक्षा केन्द्रों (भैया राघवराम पाण्डेय स्मारक श्री गांधी विद्या इण्टर कालेज, एल0बी0एस0 डिग्री कालेज(मेन कैम्पस/साइंस कैम्पस), फ0अ0अ0 राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय पॉलीटेक्निक, जिगर मेमोरियल इण्टर कालेज, कस्तूरबा बालिका इण्टर कालेज रेलवे कॉलोनी, मारवाड़ इण्टर कालेल बड़गांव, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, शहीदे आजाम सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज, सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इण्टर कालेज, गांधी विद्यालय इण्टर कालेज, स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज) में भर्ती परीक्षा का रिहर्सल किया गया, जिसके नोडल ऑफिसर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय रहे। रिहर्सल के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया गया। कार्यकारी संस्था द्वारा प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिका व गोपनीय सामग्री सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सुपुर्द किया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिका व गोपनीय सामग्री को सम्बन्धित स्कूलों तक पहुँचाया गया तथा उसकी रिसीविंग कार्यकारी संस्था को दी गयी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी गयी। ड्यूटी पर कार्यरत सभी अधि0/कर्मचारीगणों द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी का निर्वहन किया गया तथा कंट्रोल रूम द्वारा सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी गयी। जनपदीय पर्यवेक्षक श्री विशाल यादव अपर पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा ड्यूटी में लगे अधि0/कर्मचारीगणों को चेककर सेक्टर मजिस्ट्रेटों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए। प्रभारी यातायात द्वारा पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखा गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।